Under CSR Support by ipca | Foundation
missiongyan LET'S LEARN TOGETHER

अध्याय – 5 | जनजातियाँ, खानाबदोश और एक जगह बसे हुए समुदाय

QUIZ-01

1. **जनजातीय समाजों की प्रमुख विशेषता क्या थी?**
   A. वे लिखित कानूनों से शासित थे
   B. वे वर्ण व्यवस्था में सख्ती से बँटे थे
   C. वे नातेदारी के बंधनों पर आधारित थे
   D. वे केवल शहरों में रहते थे (C)

व्याख्या : जनजातीय समाज मुख्य रूप से नातेदारी और कुल संबंधों पर आधारित होते थे।

2. **खानाबदोश जनजातियाँ सामान्यतः क्या करती थीं?**
   A. एक ही स्थान पर स्थायी खेती
   B. पशुपालन के साथ स्थान परिवर्तन
   C. केवल शिल्प निर्माण
   D. केवल व्यापारिक गतिविधियाँ (B)

व्याख्या : खानाबदोश जनजातियाँ अपने पशुओं के साथ चरागाह बदलती रहती थीं।

3. **'टांडा' शब्द का प्रयोग किसके लिए किया जाता था?**
   A. गाँवों के समूह के लिए
   B. किलों के समूह के लिए
   C. बंजारों के कारवाँ के लिए
   D. जनजातीय नृत्य के लिए (C)

व्याख्या : बंजारों के व्यापारिक कारवाँ को 'टांडा' कहा जाता था।

4. **बंजारों की अर्थव्यवस्था में मुख्य भूमिका क्या थी?**
   A. कर वसूली
   B. अनाज की ढुलाई और व्यापार
   C. हथियार निर्माण
   D. प्रशासनिक कार्य (B)

व्याख्या : बंजारे विभिन्न क्षेत्रों के बीच अनाज और वस्तुओं की ढुलाई करते थे।

5. **'चौरासी' किससे संबंधित शब्द है?**
   A. अहोम प्रशासन
   B. गोंड राज्य की प्रशासनिक इकाई
   C. बंजारों का कारवाँ
   D. जनगणना प्रणाली (B)

व्याख्या : गोंड राज्यों में चौरासी 84 गाँवों की प्रशासनिक इकाई थी।

6. **गोंड लोग किस प्रकार की कृषि करते थे?**
   A. स्थायी कृषि
   B. सिंचित कृषि
   C. स्थानांतरीय कृषि
   D. व्यापारिक कृषि (C)

व्याख्या : गोंड लोग जंगल साफ़ कर स्थान बदल-बदल कर खेती करते थे।

7. **गढ़ कटंगा की प्रसिद्ध शासिका कौन थीं?**
   A. रानी लक्ष्मीबाई
   B. रानी दुर्गावती
   C. रानी पद्मिनी
   D. रानी अहिल्याबाई (B)

व्याख्या : रानी दुर्गावती ने गढ़ कटंगा राज्य का कुशल नेतृत्व किया।

8. **अहोम राज्य में जबरन श्रम करने वाले लोगों को क्या कहा जाता था?**
   A. खेेल
   B. पाइक
   C. टांडा
   D. भुइयाँ (B)

व्याख्या : अहोम प्रशासन में बेगार श्रमिकों को 'पाइक' कहा जाता था।

9. **अहोम समाज में कुलों को किस नाम से जाना जाता था?**
   A. गढ़
   B. टांडा
   C. खेल
   D. चौरासी (C)

व्याख्या : अहोम समाज कुलों में विभाजित था जिन्हें 'खेल' कहा जाता था।

10. **बंजारों का उपयोग मुग़ल शासक क्यों करते थे?**
   A. सैनिक प्रशिक्षण के लिए
   B. कर संग्रह के लिए
   C. अनाज और रसद की ढुलाई के लिए
   D. किले निर्माण के लिए (C)

व्याख्या : विशाल मुग़ल सेनाओं के लिए बंजारे अनाज और रसद पहुँचाते थे।

मिशन ज्ञान
जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES
Download Mission Gyan App